न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, शिव

(पीठासीन अधिकारी श्री यक्ष चौधरी, IAS)

राजस्व वाद संख्या 281/2025 — अन्तर्गत धारा 88, 53, 188 RT Act.

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
ग्रीन इन्फ्रा क्लीन विण्ड टेक्नोलॉजी लिमिटेड पजीकृत कार्यालय बिल्डिग 7 ए, लेवल 5, डीएलएफ साईबर सिटी, गुडगाव 122002, हरियाणा, भारत जरिये महेन्द्रसिंह राठौड, सहायक मैनेजर (भूमि अधिग्रहण)		1. तेजा पुत्र राणा 2. सवाई पुत्र राणा जाति पुरोहित, निवासी पुषड तहसील शिव, जिला बाडमेर 3. राज. राज्य जरिये तहसीलदार शिव

उपस्थित :– अधिवक्ता वादी – श्री बृजमोहन कुमावत।

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 25.05.2026

वादी अधिवक्ता को विभाजन प्रस्ताव पर सुना एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। विभाजन प्रस्ताव न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिक्री के अनुसार तैयार किया गया है तथा वादी अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार वादग्रस्त भूमि विभाजित किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की गई है। अतः तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिक्री अनुसार होने एवं वादी अधिवक्ता को स्वीकार होने से विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

लिहाजा माफिक विभाजन प्रस्ताव अनुसार वाद स्वीकार किया जाकर तहसील शिव, पटवार मण्डल बीसुकला के ग्राम पुषड के खेत खसरा नम्बर 282 रकबा 20.4609 हैक्टेयर भूमि निम्नानुसार पक्षकारान् के नाम के आगे अंकित मुताबिक पृथक खातेदारी में घोषित की जाती है –

क्र. सं.	नाम खातेदार	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा (हैक्ट. मे)	किस्म	लगान	बरग
1	तेजा पुत्र राणा 1/2, सवाई पुत्र राणा 1/2 जाति पुरोहित सा. देह खातेदार (कंपनी द्वारा लीज पर ली गई भूमि)	पुषड	282	11.6550	बा.सो.	–	नीला
2	तेजा पुत्र राणा 1/2, सवाई पुत्र राणा 1/2 जाति पुरोहित सा. देह खातेदार	पुषड	282	8.8059	बा.सो.	–	लाल

तहसीलदार शिव को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करने एव नक्शा ट्रेस में प्रस्ताव अनुसार परिवर्तन सुनिश्चित करने के आदेश दिये जाते है। विभाजन प्रस्ताव अनुसार पक्षकारों को बराबर हिस्सा मिल रहा है। बैंक हित उक्त निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। विभाजन प्रस्ताव के संलग्न प्राप्त नक्शा निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

सहायक कलक्टर (SDO) शिव

निर्णय आज दिनांक 25.05.2026 सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर (SDO) शिव